प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं.88/2025)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

## एसएमएस अभियानों की अस्वीकृति के संबंध में मीडिया रिपोर्टों पर स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली, 8 सितंबर, 2025:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने कुछ मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है, जिनमें यह आरोप लगाया गया है कि भादूविप्रा ने पार्टी के एक अभियान के संबंध में महाराष्ट्र में अपने कार्यकर्ताओं को एसएमएस भेजने के लिए एक राजनीतिक दल के आवेदन को खारिज कर दिया है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ऐसे व्यक्तिगत एसएमएस अभियानों की स्वीकृति या अस्वीकृति में किसी भी भूमिका से स्पष्ट रूप से इंकार करता है। एसएमएस संदेश टैम्प्लेट की स्वीकृति या अस्वीकृति दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा की जाती है।

**भादूविप्रा व्यक्तिगत एसएमएस अभियानों की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति में किसी प्रकार से शामिल नहीं रहता है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा ये कार्य टीसीसीसीपीआर, 2018 के तहत निर्धारित फ्रेमवर्क के अनुसार किए जाते हैं।**

उपर्युक्त के मद्देनजर, भादूविप्रा यह दोहराता है कि मीडिया में रिपोर्ट किए गए विशिष्ट मामलों में इसकी कोई भूमिका नहीं है।

अतुल चौधरी 8/9/25

(अतुल कुमार चौधरी)<br>
सचिव<br>
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण